Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006

Participants : Lalu Prasad Shri

an>

Title : Regarding the incident of hijacking of Mughalsarai-Barkakana Passenger Train No. 628 at Hehegara station by Naxalites in Jharkhand on 13 March, 2006.

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : सर, पूरी ट्रेन हाइजैक हो गयी थी। माननीय मंत्री जी उस पर बयान देना चाहते हैं।...(व्यवधान)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, in today's morning meeting, we have decided that `Zero Hour' will be dispensed with today.

Several Members wanted to know the fate of the train which was hijacked by the naxalites. I was advised to convince the Railway Minister in this regard. If he is ready to make a submission, he may be allowed to make a statement[s35].

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : महोदय, नक्सलवादियों द्वारा दिनांक 13.3.2006 को झारखंड में बंद का आह्वान किया गया था। मुगलसराय-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन संख्या 628 को हथियारबंद नक्सलपंथियों द्वारा हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन पर दिनांक 13.3.2006 को सायं करीब 7 बजकर 10 मिनट पर रोक लिया एवं गाड़ी चलाने पर ड्राइवर को जान से मारने की धमकी दी। उनके द्वारा इंजन को मामूली तौर पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जब गाड़ी निर्धारित समय पर कुमंडी रेलवे स्टेशन पर नहीं पहुंची तो उस दिशा में जाने वाली मालगाड़ी के ड्राइवर को यात्री गाड़ी को खोजने के लिए भेजा गया। मालगाड़ी के घटनास्थल पर पहुंचने पर उग्रवादियों द्वारा उस भी पत्थरबाजी की गयी। तदोपरांत डीआरएम द्वारा उस ओर आने और जाने वाली दोनों लाइनों पर ट्रेन परिचानल पर रोक लगा दी गयी और रात्रि 8 बजकर 30 मिनट पर जिला प्रशासन को सूचना दी गयी। सीआरपीएफ एवं आरपीएफ का एक बड़ा दल दिनांक 14.3.2006 को सबेरे 6 बजे कुमंडी स्टेशन पर पहुंचे। तब तक उग्रवादी स्टेशन से जा चुके थे। इस घटना में किसी यात्री अथवा रेल कर्मचारी को चोट नहीं आयी है और यात्री गाड़ी स वेरे लगभग 7 बजे सकुशल अपने गंतव्य स्थान पर रवाना हो गयी है। मार्ग पर गाड़ियों का परिचालन भी सामान्य हो गया है। तब तक वहां पलिस नहीं पहुंच पायी थी। ...(व्यवधान)

* Placed in Library See No. LT 3945/2006

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही गंभीर समस्या है। …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: You first go to your seat.

… (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : आप लोग एक मिनट मेरी बात को सुन लीजिए। Please listen to me. There is a procedure to discuss everything.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record. आप अपनी सीट पर बैठ जाइए।

(Interruptions) ... (Not recorded)

उपाध्यक्ष महोदय : वल्लभभाई कथीरिया जी आप अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

SHRI K.S. RAO (ELURU): The National Fisheries Development Board must be kept in Andhra Pradesh. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record.

*(Interruptions)**

**Not recorded*